दैनिक जागरण 20/10/2024

सनातन धर्म कालेज छावनी में 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों किया प्रतिभा का प्रदर्शन

सनातन धर्म कालेज छावनी मे 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल मे प्रस्तुति देती छात्राएं। ● सौजन्य स्वयं।

सनातनधर्म कालेजछावनी मे 47वें जोनल यूथ फेस्टिवलमें प्रस्तुतिदेतीछात्राएं। ● सौजन्य स्वयं।

47वें जोनल यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देता कलाकार। ● सौजन्य स्वयं।

जागरण संवाददाता ● अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से सनातन धर्म कालेज छावनी में 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल विज रहे। कालेज के सभागार में उन्होंने दीपशिखा प्रज्वलित कर मां सरस्वती का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसी कालेज से अपनी शिक्षा प्राप्त की है। इसी कालेज से उन्होंने 1969-70 मेंअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रवेश किया। विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा मकसद सभी शिक्षण संस्थानों का उद्धार करना है तथा कला और अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़कर विद्यार्थी न केवल अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं अपितु अपने देश एवं प्रदेश की मिट्टी से जुड़ सकते हैं। कालेज प्राचार्य डा.राजिंदर सिंह, प्रबंधकारिणी समिति की सदस्या नील इंदरजीत संधू प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर एसडी विद्या स्कूल, यूथ फेस्टिवल की कन्वेनर डा.विजय शर्मा, सेक्रेटरी डा.सोनिका सेठी, गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा.नवीन गुलाटी ने विज का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर डा.रोहित कुमार प्राचार्य जीएमएन कालेज, डा.हेमंत वर्मा प्राचार्य गवर्नमेंट कालेज बरवाला उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पदमश्री से अलंकृत डा. महावीर गुड्डू ने अपनी प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। युवा महोत्सव के दूसरे दिन समूह गान हरियाणवी, हिंदी /हरियाणवी स्किट, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, एकल नृत्य (पुरुष श्रेणी) हरियाणवी, रसिआ समूह नृत्य, समूह नृत्य सामान्य, शास्त्रीय वाद्य एकल (पर्कशन), शास्त्रीय वाद्य एकल (नान-पर्कशन), लोक वाद्य (एकल), इंडियन आर्केस्ट्रा, सांग, क्ले माडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, मेहंदी, संस्कृत डेक्लामेशन, डिबेट आदि कुल 18 प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

- रिचुअल्स में एसडी कालेज, जीएमएन कालेज प्रथम एवं द्वितीय रहे।
- माइम में एसडी कालेज, एमडी एसडी कालेज प्रथम एवं द्वितीय रहे।
- हरियाणवी पाप सांग में एसडी कालेज प्रथम रहा।
- संस्कृत नाटक में श्री माता मनसा देवी कालेज पंचकूला, डीएवी कालेज प्रथम एवं द्वितीय रहे।
- लोक गीत में जीएमएन कालेज, गवर्नमेंट कालेज नारायणगढ प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय रहे
- हल्का स्वर भारतीय में जीएमएन कालेज, एसडी कालेज प्रथम एवं द्वितीय।
- शास्त्रीय स्वर एकल में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज प्रथम एव द्वितीय रहे।
- सामूहिक गीत में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज नारायणगढ, एसए जैन कालेज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।
- रगोली में गवर्नमेंट कालेज फार वीमेन, गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-1 पचकूला, गवर्नमेंट कालेज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।
- आन द स्पाट पेंटिंग में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज प्रथम एवं द्वितीय रहे।
- पोस्टर मेकिंग में एसडी कालेज, एमडीएसडी कालेज, प्रथम एवं द्वितीय रहे, गवर्नमेंट कालेज पंचकूला, गवर्नमेंट कालेज तृतीय रहे।
- क्विज में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज पचकूला, जीएमएन कालेज प्रथम, द्वितीय एवंतृतीय रहे।
- रसिआ नृत्य में एसए जैन कालेज, एसडी कालेज, डीएवी प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- मेहंदी में गवर्नमेंट कालेज फार वीमेन शहजादपुर, गवर्नमेंट कालेज प्रथम, द्वितीय रहे, आर्या गर्ल्स कालेज, एसडी कालेज गवर्नमेंट कालेज पंचकूला तृतीय।
- क्ले माडलिंग में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज नारायणगढ, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे।
- गवर्नमेंट कालेज पचकूला, गवर्नमेंट कालेज तृतीय रहे।
- लोक वाद्य एकल मे एसडी कालेज, जीएमएन कालेज, गवर्नमेंट कालेज नारायणगढ प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- शास्त्रीय वाद्य एकल में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज पंचकूला, एसए जैन प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- संस्कृत डेक्लामेशन में एसडी कालेज, एमपीएन कालेज मुलाना, आर्या गर्ल्स कालेज प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- समूह गान में एसडी कालेज, आर्या गर्ल्स कालेज, गवर्नमेंट कालेज कालका प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।
- हरियाणवी एकल नृत्य में एसडी कालेज, एसए जैन, एमडीएसडी कालेज प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- शास्त्रीय वाद्य एकल में एसडी कालेज, जीएमएन कालेज, एमडीएसडी कालेज प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- हरियाणवी स्किट में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज नारायणगढ, जीएमएन कालेज प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।
- समूह नृत्य सामान्य में एसडी कालेज, गवर्नमेंट कालेज पंचकूला, एमडीएसडी कालेज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।